प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के विभिन्न भागों की तेजी से बदल रही डेमोग्राफी पर जतायी चिंता, कहा– यह बदलाव भविष्य में परमाणु बम जैसा होगा घातक।**
2. **झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजनीतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू, नगर निगम को नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई का आदेश।**
3. **पुलिस मुख्यालय ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार से अर्द्धसैनिक बलों की 590 टुकड़ियां मांगी, केंद्र ने तत्काल 100 टुकड़ियां उपलब्ध करायी।**
4. **झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स फेज–टू का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर जतायी नाराजगी, राज्य सरकार को याचिका में पारित आदेश के अनुपालन का दिया निर्देश।**
5. **बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण आज और कल रांची, खूंटी, लोहरदगा समेत कोल्हान और संथाल के जिलों में बारिश होने की प्रबल संभावना, वज्रपात की चेतावनी जारी।**

****

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झारखंड समेत देश के विभिन्न भागों में तेजी से बदल रही डेमोग्राफी पर चिंता जतायी है। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव परमाणु बम जैसा घातक सिद्ध होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव होता रहा तो चुनाव का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे बदलाव से दुनिया के कई देश अपनी मूल पहचान खो चुके हैं।

गौरतलब है कि झारखंड में संथाल के छह जिलों में डेमोग्राफी बदलाव का मामला सुर्खियों में रहा है। वहीं झारखंड उच्च न्यायालय में भी इससे जुड़ा मामला लंबित है।

****

झारखंड में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पूरे राज्य में राजनीतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप नगर निगम अधिकारियों को नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है।

इस बीच, सांसद और विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत फंड जारी करने पर भी रोक लगा दी गई है।

****

झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर में **क्यू कॉम्प्लेक्स फेज–टू** का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर राज्य सरकार को फटकार लगायी है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को 2023 में पारित आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि कोर्ट ने राज्य सरकार को क्यू कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए नवयुग कंपनी लिमिटेड को 120 करोड़ रूपये देने का आदेश दिया था।

****

पुलिस मुख्यालय ने झारखंड में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार से अर्द्धसैनिक बलों की 590 टुकड़ियां मांगी है। केंद्र ने चुनाव की घोषणा होते ही सुरक्षा बलों की 100 टुकड़ियां तत्काल झारखंड को उपलब्ध करा दी है। इसमें 10 टुकड़ी कल रांची पहुंच गयीं हैं।

इधर बोकारो पुलिस विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने आकाशवाणी को बताया कि जिले में अवैध हथियार, पैसे के अवैध लेनदेन और शराब की तस्करी पर पुलिस की कड़ी नजर है।

****

केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से विरमित कर दिया है। झारखंड कैडर की अधिकारी श्रीमति तिवारी को राज्य की मुख्य सचिव बनाये जाने की चर्चा जोरों पर है। गौरतलब है कि वर्तमान मुख्य सचिव एल ख्यिांग्ते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

****

देवघर जिले की मोहनपुर थाना पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि **पुतरबोना** स्थित जंगल में अपराधी लैपटॉप और स्मार्टफोन से साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे थे। पुलिस को देखते ही एक अपराधी लैपटॉप लेकर भागने में सफल रहा, जबकि अन्य तीन को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने इनके पास से जब्त इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को तकनीकी टीम को भेज दिया ताकि साइबर अपराध से जुड़े संभावित डेटा का पता लगाया जा सके।

****

जामताड़ा जिला प्रशासन मतदाताओं को वोट के महत्व की जानकारी देकर चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

****

गुमला जिले में दो अलग–अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी। पहली दुर्घटना में राउरकेला मुख्य पथ पर एक तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं दूसरी दुर्घटना बिशुनपुर थाना क्षेत्र स्थित चिंगरी गांव के समीप हुई जहां **रांची–नेतरहाट** मुख्य पथ पर बॉक्साइड लदे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी।

****

जमशेदपुर के बिष्टुपुर में दशहरा के समय एक व्यक्ति की हत्या मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला समेत कोल्हान और संथाल के जिलों में आज और कल गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बारिश के समय वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है और लोगों को सतर्क रहने को कहा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जायेगा। इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी।

साउंड बाइट– अभिषेक आनंद– 37 सेकेंड

*********समाप्त*********